EDUGROSS
WISDOMISING KNOWLEDGE

# NCERT Solutions for Class 2 Hindi Rimjhim Chapter 2 भालू ने खेली फुटबॉल

**कहानी का सारांश**

सर्दियों का मौसम था। चारों तरफ कोहरा छाया हुआ था। एक शेर का बच्चा गोल-मटोल बनकर जामुन के पेड़ के नीचे सोया हुआ था। तभी एक भालू सैर करता हुआ जामुन के पेड़ के नीचे जा पहुँचा। वहाँ उसने जामुन के पेड़ के नीचे शेर के बच्चे को पड़ा देखा। उसने शेर के बच्चे को समझा कि यह फुटबॉल है। उसने जोर से अपने पैरों से उसे उछाल दिया। घबराया शेर का बच्चा दहाड़ा और उसने पेड़ की एक डाल पकड़ ली। परंतु डाल टूट गई। भालू को मामला समझ में आ गया। उसने दौड़कर फुर्ती से शेर के बच्चे को पकड़ लिया। किंतु यह क्या? शेर का बच्चा भालू को फिर से उछालने के लिए कह रहा था। इस प्रकार से, भालू ने शेर के बच्चे को एक नहीं, दो नहीं, बल्कि कई बार अपने पैरों से मारकर उछाला। शेर के बच्चे को उछलने में मजा आ रहा था, किंतु भालू थककर परेशान हो गया था। बारहवीं बार शेर के बच्चे को उछालकर भालू अपने घर की ओर भाग खड़ा हुआ। इस बार शेर का बच्चा धड़ाम से जमीन पर आ गया और पेड़ की डाल भी टूट गई। पेड़ की टूटी डाली देखकर माली शेर के बच्चे पर बरस पड़ा और उससे हर्जाने की माँग करने लगा। शेर के बच्चे ने माली से कहा कि ठीक हो जाने पर मैं तुम्हें हर्जाना दे दूँगा। माली ने कहा कि ठीक है, मैं अभी आती हूँ। माली के वहाँ से जाते ही शेर का बच्चा भी नौ दो ग्यारह हो गया। उसने सोचा कि जान बची तो लाखों पाए।

**शब्दार्थः कोहरा** – ओले या ओस के छोटे कण जो वातावरण में भाप के रूप में छा जाते हैं। सैर-भ्रमण। दहाड़ना-गुर्राना, गरजना। डाली-पेड़ की छोटी शाखा। फुर्ती-शीघ्र, जल्दी। हर्जाना-मुआवजा, क्षतिपूर्ती। नौ-दो ग्यारह होना-भाग जाना।

**प्रश्न-अभ्यास**

**कहानी से**

प्रश्न 1
शेर के बच्चे ने पेड़ की डाल क्यों पकड़ी?
उत्तर:
शेर के बच्चे ने पेड़ की डाल इसलिए पकड़ी ताकि वह जमीन पर न गिर पड़े।

प्रश्न 2
शेर का बच्चा क्यों दहाड़ा?

उत्तर:

जब भालू ने शेर के बच्चे को फुटबॉल समझकर अपने पैर से उछाल दिया तो हड़बड़ी में शेर के बच्चे ने दहाड़ लगाई।

प्रश्न 3

भालू साहब किस बात पर पछताए?

उत्तर:

भालू साहब इस बात को लेकर पछताए कि उन्होंने शेर के बच्चे को फुटबॉल समझकर अपने पैरों से उछाल दिया था।

प्रश्न 4

भालू ने क्यों कहा – ओह! किस आफ़त में आ फँसा?

उत्तर:

ओह! किस आफ़त में आ फँसा? यह भालू ने इसलिए कहा क्योंकि उसे शेर के बच्चे को बार-बार उछालना पड़ रहा था और वह बुरी तरह से थक गया था।

**पहले क्या हुआ, फिर क्या-क्या हुआ**

| | |
|---|---|
| • भालू ने शेर के बच्चे को उछाल दिया। | 2 |
| • शेर के बच्चे ने पेड़ की डाल पकड़ ली। | 3 |
| • भालू ने घर की ओर दौड़ लगाई। | 5 |
| • भालू साहब सैर को निकले। | 1 |
| • भालू ने शेर के बच्चे को लपककर पकड़ लिया। | 4 |

**क्या होता अगर**

प्रश्न 5

भालू शेर के बच्चे को न पकड़ता?

उत्तर:

अगर भालू शेर के बच्चे को न पकड़ता, तो वह ज़मीन पर गिर जाता और उसे बहुत चोट लगती।

प्रश्न 6

शेर का बच्चा नौ दो ग्यारह न होता?

उत्तर:

अगर शेर का बच्चा नौ-दो ग्यारह न होता तो माली उससे पेड़ की डाल तोड़ने का हर्जाना लेता।

edugross.com

EDUGROSS
WISDOMISING KNOWLEDGE

**करके देखो**

प्रश्न 7
जब भालू ने शेर के बच्चे को उछाला, वह दहाड़ा। उसके दहाड़ने की आवाज़ कैसी होगी, बोलकर दिखाओ।।
उत्तर:
विद्यार्थी स्वयं करें।

प्रश्न 8
नीचे लिखे कामों को कैसे करते हैं? कक्षा में करके बताओ।

| | |
|---|---|
| लपकना | फ़ेंकना |
| कंघी करना | मोज़ा पहनना |
| दबे पाँव चलना | धुले कपड़े निचोड़ना |

उत्तर:
विद्यार्थी स्वयं करें।

**शेर के बच्चे ने सुनाई आपबीती**

प्रश्न 9
शेर के बच्चे ने घर जाकर अपने माता-पिता को अपनी कहानी सुनाई। उसने क्या-क्या सुनाया होगा? बताओ।
उत्तर:
शेर के बच्चे ने अपने माता-पिता से कहा होगा कि-जब मैं पेड़ के नीचे सो रहा था, तब भालू ने मुझे फुटबॉल समझकर अपने पैर से उछाल दिया। मैंने एक पेड़ की डाल पकड़ ली, लेकिन वह टूट गई। मैं ज़मीन पर गिर पड़ता, लेकिन इसी बीच भालू ने मुझे पकड़ लिया। मुझे इसमें बड़ा मज़ा आया और मैंने भालू से बार-बार उछालने तथा मुझे पकड़ने के लिए कहा। यह क्रम काफी देर तक चलता रहा। कुछ देर के बाद भालू मुझे उछालकर भाग गया और मैं जमीन पर गिर गया। इससे पेड़ की डाल भी टूट गई। तभी वहाँ माली आ गया, उसने मुझसे पेड़ की डाल तोड़ने का हर्जाना माँगा। मैंने कहा कि ठीक होकर दूंगा। माली यह कहकर चला गया कि 'थोड़ी देर में आता हूँ।' माली के जाते ही मैं वहाँ से भाग खड़ा हुआ।

**खेल-खेल में**

edugross.com

प्रश्न 10

(क) फुटबॉल को 'फुटबॉल' क्यों कहते होंगे?

उत्तर:

फुटबॉल का अर्थ होता है फुट-पैर, बॉल-गेंद अर्थात पैर से खेले जाने वाली गेंद। इसलिए इसे फुटबॉल कहा जाता है।

(ख) ऐसे खेलों के नाम बताओ जिनमें बॉल (गेंद) का इस्तेमाल करते हैं।

उत्तर:

पिट्ठू, टेनिस, टेबुल टेनिस, हॉकी।

**तुम्हारी समझ से**

ठंड से बचने के लिए शेर का बच्चा गोल-मटोल सिमटकर बैठ गया था।

प्रश्न 11

तुम्हारे विचार से शेर का बच्चा ठंड से बचने के लिए और क्या-क्या कर सकता था?

उत्तर:

शेर का बच्चा ठंड से बचने के लिए अपनी गुफा में जा सकता था या किसी झाड़ी में घुसकर बैठ सकता था।

**उलट-पुलट**

सर्दियों का मौसम। चारों ओर **कोहरा ही कोहरा।**

गर्मियों का मौसम। चारों ओर **धूप ही धूप।**

प्रश्न 12

उदाहरण के अनुसार शब्दों को उलट कर लिखो।

उत्तर:

- शेर का बच्चा फिर से उछालने को कह रहा था।
  शेर का बच्चा फिर से गिराने को कह रहा था।
- पेड़ की एक डाल पकड़ ली।
  पेड़ की एक डाल छोड़ दी।
- पिट्ठू को सतौलिया भी कहते हैं।

**ठंड से बचना**

edugross.com

EDUGROSS
WISDOMISING KNOWLEDGE

प्रश्न 13

भालू ने ठंड से बचने के लिए फुटबॉल खेलने की बात सोची। तुम ठंड से बचने के लिए क्या-क्या करती हो? '✓' का निशान लगाओ।

उत्तर:

- दौड़ लगाती हो। ☐
- गर्म कपड़े पहनकर घर में बैठती हो। ✓
- रजाई ओढ़ती हो। ✓
- आग तापती हो। ✓
- ठंडा पानी पीती हो। ☐
- गर्म पानी में नहाती हो। ✓
- गर्म-गर्म चाय पीती हो। ✓

edugross.com